**NEWS CLIPPING:04.08.2022**

# AMAR UJALA



**हस्ताक्षर अभियान**

फरीदाबाद जेसीबोस वाईएमसीए में हर घर तिरंगा अभियान के लिए हस्ताक्षर अभियान में भाग लेती छात्राएं। संवाद

## छात्रों ने साझा की तिरंगे से जुड़ीं भावनाएं

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) में हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य के छात्रों और एनएसएस स्वयं सेवियों ने विवि के कलाम चौक पर नुक्कड़ नाटक किया। उधर, अन्य छात्रों ने हस्ताक्षर अभियान के तहत तिरंगे से जुड़ी अपनी भावनाएं व्यक्त की।

हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. एसके तोमर ने हस्ताक्षर और संकल्प दीवार पर स्वयं संदेश लिखकर की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय ध्वज के गौरव को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर है। हस्ताक्षर अभियान में काफी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्रों ने हिस्सा लिया। ब्यूरो

### सभी राशन डिपो पर मिलेंगे राष्ट्रीय ध्वज

**बल्लभगढ़।** एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए एसडीएम कार्यालय परिसर/पंचायत भवन में राष्ट्रीय झंडा वितरण केंद्र का शुभारंभ किया। एसडीएम ने बताया कि सभी राशन डिपो पर राष्ट्रीय ध्वज मिलेगा। लोग 25 रुपये में राष्ट्रीय ध्वज ले सकेंगे। बल्लभगढ़ की भगत सिंह कॉलोनी में झंडा वितरण कार्यक्रम किया गया। कॉलोनियों के लोगों ने उत्साह के साथ झंडा वितरण कार्यक्रम में शिरकत की। संवाद

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING:04.08.2022**

# AAJ SAMAJ

# हस्ताक्षर अभियान में छात्रों ने साझा की तिरंगे से जुड़ी अपनी भावनाएं: एसके तोमर

■ जेसी बोस विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान



हर घर तिरंगा अभियान के लिए सिग्नेचर कैंपेन में हिस्सा लेती हुई छात्राएं।

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पूरे देश में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता लाने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके अलावा, पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य के छात्रों और एनएसएस वालंटियर्स ने हर घर तिरंगा की विषय-वस्तु को लेकर कलाम चैक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने हस्ताक्षर और संकल्प दीवार पर संदेश लिखकर की। स्वतंत्रता दिवस पर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया, जो भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय ध्वज के गौरव को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज और डीन (फ्लैम्स) प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे। श्रृंखलाबद्ध रूप से नुक्कड़ नाटक, ओपन माइक इवेंट और पिक्चर प्रदर्शनी जैसी गतिविधियों का आयोजन कर रहा है।

**NEWS CLIPPING:04.08.2022**

# PIONEER

# छात्रों ने साझा की तिरंगे से जुड़ी अपनी भावनाएं

## जेसी बोस में 'हर घर तिरंगा' अभियान की जागरुकता के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पूरे देश में चलाये जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर जागरुकता लाने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य के छात्रों और एनएसएस वालंटियर्स ने 'हर घर तिरंगा' की विषय-वस्तु को लेकर कलाम चैक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।



**जेसी बोस विश्वविद्यालय में घर-घर तिरंगा को लेकर चलाए अभियान के दौरान हस्ताक्षर करतीं छात्राएं।**

हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. एसके तोमर ने 'हस्ताक्षर और संकल्प दीवार' पर संदेश लिखकर की। उन्होंने इस स्वतंत्रता दिवस पर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया, जो भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रीय ध्वज के गौरव को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर है। हस्ताक्षर अभियान में काफी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्रों ने हिस्सा लिया और देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगे से जुड़ी अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। हस्ताक्षर अभियान का संचालन संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज और डीन (फ्लैम्स) प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ पवन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय 'हर घर तिरंगा' अभियान की सफलता के लिए श्रृंखलाबद्ध रूप से नुक्कड़ नाटक, कैंपस रैली, सेल्फी विद तिरंगा, ओपन माइक इवेंट और पिक्चर प्रदर्शनी जैसी गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। विश्वविद्यालय 4 अगस्त 2022 को शहर में 'रन फॉर तिरंगा' का आयोजन भी करेगा।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:04.08.2022**

# DAINIK JAGRAN

## नितेश ने किया जेसी बोस यूनिवर्सिटी में टाप



यूनिवर्सिटी स्तर पर पहला स्थान प्राप्त करने वाला छात्र नितेश सिंह प्रशस्ति पत्र दिखाते हुए ● सौ. विनोद सिंह

**वि., फरीदाबाद** : जेसी बोस यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित बीटेक परीक्षा परिणाम में रावल शिक्षण संस्थान के नितेश सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित सेमिनार के दौरान प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रावल शिक्षण संस्थान के प्रशासक अनिल प्रताप सिंह ने बताया कि जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने पिछले वर्ष मई व दिसंबर में हुई परीक्षा परिणाम की मेरिट लिस्ट जारी की है। इसमें रावल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी से बीटेक के छात्रों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। छात्र नितेश सिंह ने छठे व सातवें सेमेस्टर में यूनिवर्सिटी स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। रावल कालेज आफ एजुकेशन की प्रधानाचार्य डा. सोनल छाबड़ा ने सभी का धन्यवाद किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:04.08.2022**

# HINDUSTAN

## वाईएमसी में पूर्व कर्मचारियों ने पौधरोपण किया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की 'हरित' पहल में बुधवार को पूर्व कर्मचारियों ने पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग का हिस्सा रहे पूर्व कर्मचारी डीपी सिंह, एसपी बांगिया, जेपी शर्मा, डीएल आबरोय शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की।

NEWS CLIPPING:04.08.2022

# HINDUSTAN

## छात्रों ने तिरंगे पर लिखे संदेश

फरीदाबाद। वाईएमसीए में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरुकता लाने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके अलावा, पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य के छात्रों और एनएसएस वालंटियर्स ने कलाम चैक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. एसके तोमर ने 'हस्ताक्षर और संकल्प दीवार' पर संदेश लिखकर की।

**NEWS CLIPPING:04.08.2022**

# PIONEER

## पौधारोपण में शामिल हुए पूर्व कर्मचारी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की 'हरित' पहल में आज पूर्व कर्मचारी भी सम्मिलित हुए और विश्वविद्यालय के पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय जुलाई और अगस्त के महीने को 'हरियाली पर्व' के रूप में मना रहा है। हरियाली पर्व को चिह्नित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा पौधारोपण अभियान शुरू किया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित हस्तियों को पौधारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वाईएमसीए इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग का हिस्सा रहे पूर्व कर्मचारी डीपी सिंह, एसपी बांगिया, जेपी शर्मा और डीएल ऑबरोय शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस. के. तोमर ने की। पूर्व कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की और उन्हें आमंत्रित करने एवं अभियान का हिस्सा बनाने पर विश्वविद्यालय का आभार जताया। उन्होंने विवि के पार्क में अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए। इससे पहले कुलपति प्रो. तोमर ने सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया।